# गणपति के चरणों में | By Lakhbir Singh Lakkha

दास तेरे हे गजानन ध्यान धरते हैं
तेरे चरणों में प्रभु प्रणाम करते हैं

चार तेरी हैं भुजाएं रूप मतवाला
शिव सुमन गौरी के लाला भक्त रखवाला
तेरी शक्ति का तो शिव भी मान करते हैं
तेरे चरणों में प्रभु प्रणाम करते हैं

रिद्धि सिद्धि लाभ और शुभ साथ में लाना
दास का अनुरोध दाता भूल मत जाना
तेरी महिमा का सदा गुणगान करते हैं
तेरे चरणों में प्रभु प्रणाम करते हैं

मेरे अंगना में पधारो है अरज़ मेरी
गौरी नंदन जल्दी आओ ना करो देरी
पुष्प चन्दन से तेरा सम्मान करते हैं
तेरे चरणों में प्रभु प्रणाम करते हैं

बुद्धि के दाता हमें भी ज्ञान दे जाओ
अपनी भक्ति का हमें वरदान दे जाओ
नित तेरे नाम का रसपान करते हैं
तेरे चरणों में प्रभु प्रणाम करते हैं

श्याम सुन्दर दास तेरा इसको अपनाना
हे गजानन लक्खा भी तेरा है दीवाना
कर दो बेडा पार क्यूँ हैरान करते हैं
तेरे चरणों में प्रभु प्रणाम करते हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a4%aa%e0%a4%a4%e0%a4%bf-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%9a%e0%a4%b0%e0%a4%a3%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-by-lakhbir-singh-lakkha/